भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

डॉ. श्रीनिवास हनुमानकर ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) में सदस्य (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 10 मार्च , 2023 : भारतीय सिविल सेवा परीक्षा, 1991 से संबंधित 'भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस)' के अधिकारी डॉ. एच. श्रीनिवास ने 10 मार्च, 2023 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के बोर्ड में सदस्य (मानव संसाधन) का पदभार ग्रहण किया। इस नियुक्ति से पूर्व, श्री हनुमानकर भारतीय रेलवे में मुख्य कार्मिक अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।

भाविप्रा के सदस्य (मानव संसाधन) के रूप में, डॉ. श्रीनिवास संगठन में कार्मिक और औद्योगिक संबंध नीतियों, वाणिज्यिक प्रबंधन कार्यों के समन्वय और कार्यान्वयन के समग्र प्रभारी होंगे। उनसे संगठन के व्यवसाय में निरंतर विकास हेतु अग्रणी भूमिका निभाने और प्रभावी सहायता प्रदान करने की अपेक्षा है।

डॉ. श्रीनिवास की विशेषज्ञता के मुख्य क्षेत्रों में नीति निर्माण से लेकर विविध कौशल वाले बड़े संगठनों के मानव संसाधनों और सम्बन्धों का प्रबंधन एवं विकास ; प्रशिक्षण, कौशल/कौशल विकास, आईटी और संगठन विकास आदि के माध्यम से बड़े संगठनों में परिवर्तन की रणनीति बनाना और प्रबंधन करना शामिल है। उन्होंने भारतीय रेलवे के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न पदों में काम किया है, जिनमें से प्रत्येक में लगभग एक लाख जनशक्ति है तथा उन्होंने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के संस्थानों में से एक में महानिदेशक के रूप में भी कार्य किया है ।

डॉ. श्रीनिवास ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और वे वर्ष 2019 में भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त "सिल्वर स्टार अवार्ड" के प्राप्तकर्ता भी हैं।

डॉ. एच. श्रीनिवास के पास प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के अलावा भू-विज्ञान में स्नातक (ऑनर्स), स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की डिग्री है। उनके पास शानदार शैक्षणिक और व्यावसायिक करियर और उपलब्धियों की एक विशाल श्रृंखला है।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी), फोन नं. 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 41/2022-23

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
MEMBER (P & A)
MEMBER (HR)
HUMAN RESOURCE POLICIES
वार्षिक रिपोर्ट 2020-21
2023